# <u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>
## *(हिंदी अनुभाग)*

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2021 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. दिनांक: 05.04.2021

<u>ज्ञापन</u>

**विषय : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सरकारी कामकाज <u>में मूल हिंदी टिप्पण आलेखन नगद पुरस्कार प्रतियोगिता।</u>**

कृपया उपर्युक्त विषयक संस्थान के दिनांक 03.04.2020 के कार्या.ज्ञा. सं. 4-2/2019 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. का अवलोकन करें।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सरकारी कामकाज में मूल टिप्पण आलेखन का कार्य हिंदी में करने पर नकद पुरस्कार योजना लागू है जिसके अंतर्गत अपना शत-प्रतिशत काम हिंदी में करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अथवा हिंदी में प्रतिवर्ष 20,000 या अधिक शब्द लिखने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए इस योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने वाले संस्थान के सभी अधिकारी/कर्मचारी उक्त प्रोत्साहन योजना के तहत दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2021 तक की अवधि में किए गए अपने हिंदी कार्य के शब्दों की प्रमाणित संख्या तथा प्रमाण के रूप में नोटिंग/ड्राफ्ट की 5 फोटो प्रतियां **<u>इस ज्ञापन के जारी होने के 15 दिन के अंदर अपने सम्बद्ध प्राधिकारी के माध्यम से हिंदी अनुभाग को</u>** मूल्यांकन हेतु प्रेषित कर सकते हैं ताकि प्रतियोगिता के पुरस्कारों का निर्धारण किया जा सके। प्रविष्टियां केवल निर्धारित मानदण्डों के अनुसार ही स्वीकार की जाएंगी।

जारी–2/-

इस प्रोत्साहन योजना के तहत नकद पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | (2 पुरस्कार) | ₹10,000/- प्रत्येक |
| द्वितीय पुरस्कार | (3 पुरस्कार) | ₹ 7,500/- प्रत्येक |
| तृतीय पुरस्कार | (5 पुरस्कार) | ₹ 5,000/- प्रत्येक |

अत: सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक कर्मचारीगण/अधिकारीगण उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकें।

05/04/2021

(प्रमोद कुमार)
हिंदी अधिकारी

**वितरण:** सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक/ संकायाध्यक्ष (शैक्षिक/ अनुसंधान/ परीक्षा)/ चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन)/ वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव/मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- सभी नोडल राजभाषा अधिकारी।
- उप-निदेशक, कंप्यूटर सुविधा - इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
5 APR 2021
समय / Time 3:22
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

संलग्नक

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा
सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करने संबंधी रिकॉर्ड रखने हेतु प्रपत्र

श्री/श्रीमती/कुमारी ---------------------------------- की ------------------------को समाप्त होने वाले सप्ताह में हिंदी के मूल काम की साप्ताहिक विवरणी।

| क्र.सं. | तिथि | कुल फाइलों, रजिस्टरों आदि की संख्या जिनमें हिंदी में काम किया गया | हिंदी में लिखे गए टिप्पण और आलेखन के शब्दों की संख्या | हिंदी में किए गए और काम | | उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर (सप्ताह में एक बार) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संक्षिप्त ब्यौरा | शब्दों की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

संबंधित अधिकारी/कर्मचारी
के हस्ताक्षर ---------------------------

सत्यापन एवं अग्रेषित करने वाले सम्बद्ध
प्राधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर .............................

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी,
हिंदी अनुभाग, अ.भा.आ.सं.